एक नजर में

भाजपा ने मनाया बाबा साहब का जन्मदिवस

गुना। संविधान रचयिता भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्थानीय अम्बेडकर भवन स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर दीप जलाकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए और राष्ट्र निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान को याद किया। जयंती समारोह के अंतर्गत भाजपा द्वारा दिन भर विभिन्न रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की गईं। इसी क्रम में प्रात: काल पार्टीजनों ने स्वच्छता अभियान चलाकर समाज को सफाई का संदेश दिया। शाम को आयोजित मुख्य कार्यक्रम में वक्ताओं ने बाबा साहब के सिद्धांतों और उनके द्वारा रचित संविधान की महत्ता पर प्रकाश डाला।

नवविवाहित युवक ने सल्फास खाकर दी जान

गुना। जामनेर थाना क्षेत्र के ग्राम खेजरा में एक 23 वर्षीय युवक द्वारा जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का दुखद मामला सामने आया है। मृतक की पहचान बलवीर अहिरवार के रूप में हुई है, जिसकी महज 5 महीने पहले ही शादी हुई थी। जानकारी सामने आई है कि बलवीर ने सोमवार 13 अप्रैल की शाम करीब 6 बजे अज्ञात कारणों के चलते सल्फास की गोलियां खा लीं। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे तत्काल स्थानीय अस्पताल ले गए, जहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे गुना जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान सोमवार रात करीब 11 बजे बलवीर ने दम तोड़ दिया। मंगलवार 14 अप्रैल की सुबह पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

चर्चा है कि युवक ने नजदीकी गांव बरसत से सल्फास की गोलियां खरीदी थीं।

पन्नालाल बोले, लोग कह रहे हैं कलेक्टर साहब सांसद बनेंगे !

विधायक की भीम आर्मी को दो टूक : शूरवीर हो तो अग्निवीर बनो, अलग आर्मी क्यों ?

नवभारत न्यूज

गुना 14 अप्रैल का। शुभ विदाई मैरिज गार्डन में अनुसूचित जाति एवं जनजाति कार्य विभाग द्वारा आयोजित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती कार्यक्रम में विधायक पन्नालाल शाक्य ने अपने तीखे और बेबाक अंदाज से सुर्खियां बटोर लीं। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने भीम आर्मी को निशाने पर लेते हुए कड़ी सलाह दी और जिला प्रशासन की कार्य प्रणाली पर भी अपनी बात रखी।

विधायक शाक्य ने भीम आर्मी के अस्तित्व पर सवाल उठाते हुए कहा, अगर आप इतने ही शूरवीर हैं, तो अग्निवीर में भर्ती होकर देश की सेवा करें। अलग से आमी बनाने की क्या आवश्यकता है? क्या गृहयुद्ध छिड़वाना चाहते हैं? उन्होंने पूर्व में हुए प्रदर्शनों का जिक्र करते हुए कहा कि बाजार में लठ लेकर निकलना और व्यापारियों की दुकानें बंद करवाना किस तरह की मानसिकता है? उन्होंने समाज को सचेत करते हुए कहा कि नई विकृतियां पैदा होने से पहले हमें संभलना होगा।

शाक्य ने जोर दिया कि जिस स्तर पर डॉ. अंबेडकर को याद किया जाता है, उसी स्तर पर बाबू जगजीवन राम का भी स्मरण होना चाहिए। कार्यक्रम में पन्नालाल शाक्य के तेवर जिलाधीश को लेकर भी चर्चा में रहे। एक तरफ उन्होंने गुनिया नदी की सफाई के लिए जिलाधीश की सराहना की, तो दूसरी तरफ चुटकी लेने से भी नहीं चूके। कलेक्टर की तारीफ करते हुए आपकी तारीफ में लोग कसीदे पढ़ रहे हैं कि आप सांसद बनो। अरे सांसद तो बाद में बनना, पहले यहां कुछ करके दिखा दो।

आपके पास बहुत फोन आएंगे, लेकिन यह आपकी क्षमता है कि आप इसे पूरा कराएं। उन्होंने सुझाव दिया कि नदी चिलका ग्राम तक बहती है, अत: इसके मार्ग में कोई अवरोध नहीं आना चाहिए। साथ ही उन्होंने यह भी जोड़ा कि यदि उनके शब्द चुभे हों तो वे क्षमाप्रार्थी हैं।

कबीर, रैदास को भी याद करें

महापुरुषों के योगदान पर चर्चा करते हुए विधायक ने एक और विवादास्पद टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि आज जिनका जन्मदिन है, उन्हें डॉ. भीमराव अंबेडकर ही कहा जाना चाहिए, बाबा साहेब कहकर हम बहुत बड़ी गलती करते हैं। उन्होंने मतदान के अधिकार के लिए अंबेडकर साहब के प्रति आभार व्यक्त किया लेकिन साथ ही कबीर, रैदास, पीपा भगत, महात्मा फुले और संत गाडगे जैसे संतों के योगदान को भी समान रूप से महत्वपूर्ण बताया। अंत में उन्होंने आह्वान किया कि भारतवर्ष की एकता के लिए प्राण देने वाले हजारों संतों और शूरवीरों को याद रखना ही बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

आकाशवाणी केंद्र में बाबा साहब को किया नमन

आकाशवाणी गुना केंद्र में भी डॉ. अंबेडकर जयंती सम्मान के साथ मनाई गई। केंद्र के अधिकारियों और कर्मचारियों ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर सहायक निदेशक (कार्यक्रम) राजकुमार कौशल ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने समाज में समानता, न्याय और शिक्षा के अधिकार स्थापित करने में जो भूमिका निभाई, वह आज भी प्रेरणास्रोत है।

समानता और शिक्षा का दिया संदेश

जिले भर में आयोजित इन कार्यक्रमों का मुख्य केंद्र सामाजिक समरसता, समानता और शिक्षा का महत्व रहा। वक्ताओं ने समाज के हर वर्ग से बाबा साहब के विचारों को आत्मसात करने और एक संगठित राष्ट्र निर्माण में सहयोग करने का आह्वान किया। पूरे जिले में जयंती के अवसर पर उत्साह का माहौल देखा गया।

अंबेडकर भवन की दीवार से सटकर करंट के तार से खतरा, कांग्रेस ने जताई नाराजगी

नवभारत न्यूज

गुना। संविधान निर्माता, भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अम्बेडकर भवन पहुंचकर उन्हें नमन किया। इस दौरान जहां एक ओर बाबा साहब के सिद्धांतों को याद किया गया, वहीं दूसरी ओर भवन परिसर में बिजली कंपनी की जर्जर डीपी को लेकर कांग्रेस नेताओं ने तीखी नाराजगी जाहिर की। मंगलवार सुबह 9 बजे बड़ी संख्या में कांग्रेसजन अम्बेडकर भवन पहुंचे और बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन भेंट किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहब द्वारा दिए गए शिक्षा, संगठन और संघर्ष के सूत्र आज के समय में अत्यधिक प्रासंगिक हैं। नेताओं ने बाबा साहब की दूरदर्शी विचारधारा की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान दौर में आपसी भेदभाव मिटाकर संगठित रहने की आवश्यकता है। महिला सशक्तिकरण और सामाजिक समानता ही बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उनके दिखाए पदचिन्हों पर चलकर ही लोकतंत्र को मजबूत किया जा सकता है। श्रद्धांजलि सभा के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं का ध्यान भवन की दीवार से सटकर लगी बिजली कंपनी की डीपी की ओर गया। डीपी की हालत अत्यंत जर्जर और असुरक्षित थी। कांग्रेस नेताओं ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि दीवार के बेहद करीब होने के कारण यहां कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है और आमजन इसकी चपेट में आ सकते हैं। नगरपालिका और बिजली कंपनी की इस लापरवाही पर नेता प्रतिपक्ष शेखर वशिष्ठ ने कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने भाजपा शासित नगरपालिका पर निशाना साधते हुए कहा अम्बेडकर भवन की देखरेख की जिम्मेदारी नगरपालिका की है, लेकिन प्रशासन और बिजली कंपनी की लापरवाही के कारण यहाँ जानलेवा खतरा बना हुआ है। भाजपा शासित परिषद गहरी नींद में सोई है और उसे आम जनता की सुरक्षा की कोई परवाह नहीं है।

धूमधाम से मनी बाबा साहब की जयंती, सिद्धांतों का स्मरण

गुना। संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर शहर में उत्साह और श्रद्धा का माहौल रहा। इस खास मौके पर शहर के विभिन्न हिस्सों से भव्य चल समारोह निकाले गए, जिनमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। मुख्य चल समारोह कैंट स्थित गुलाबगंज से प्रारंभ हुआ, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ निकला। इसी के साथ एक अन्य चल समारोह अंबेडकर भवन से शुरू हुआ, जो नगर के विभिन्न चौराहों से होकर गुजरा। सुबह से ही अंबेडकर भवन में बाबा साहब को श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों का तांता लगा रहा। यहां समाज के विभिन्न वर्गों और संगठनों द्वारा कई सांस्कृतिक और वैचारिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। अहिरवार समाज के जिला अध्यक्ष कन्हैया राम अहिरवार ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाबा साहब की जयंती पर भव्य चल समारोह का आयोजन किया गया। यह समारोह कैंट से शुरू होकर हनुमान चौराहा, सदर बाजार और लक्ष्मीगंज होते हुए नगरपालिका के पास संपन्न हुआ। चल समारोह के दौरान बाबा साहब के अमर संदेश 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया।

जगह-जगह पुष्प वर्षा कर चल समारोह का स्वागत किया गया और बाबा साहब के जयकारों से पूरा शहर गूंज उठा।

भुजरिया तालाब पर 7 मई को होगा नि :शुल्क विवाह सम्मेलन

नवभारत न्यूज

गुना। आरोन रोड स्थित भगवान लक्ष्मीनारायण मंदिर भुजरिया तालाब पर आगामी 7 मई को भव्य सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। विवाह सम्मेलन के संबंध में जानकारी देते हुए मंदिर के पुजारी महंत राघवेंद्र दास महाराज ने मंगलवार को पत्रकारों को बताया कि यह आयोजन का दूसरा वर्ष है। बीते वर्ष रामनवमी के अवसर पर 5 कन्याओं का विवाह संपन्न कराया गया था, वहीं इस वर्ष सेवा का दायरा बढ़ाते हुए 11 कन्याओं के नि:शुल्क विवाह का लक्ष्य रखा गया है। महंत राघवेंद्र दास महाराज ने स्पष्ट किया कि यह सम्मेलन पूरी तरह नि:शुल्क रहेगा, जिसमें आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की कन्याओं के विवाह वैदिक रीति-रिवाज से संपन्न कराए जाएंगे। नवदम्पतियों को उपहार स्वरूप गृहस्थी का पूरा आवश्यक सामान भी भेंट किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कोई भी सनातनी और ईश्वर में आस्था रखने वाला व्यक्ति जो अपने पुत्र-पुत्री का विवाह इस सम्मेलन के माध्यम से कराना चाहता है, वह मंदिर परिसर में संपर्क कर सकता है। प्रेस वार्ता के दौरान उद्योग एवं व्यापार संघ के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल भी मौजूद रहे। विवाह की सभी रस्में सनकादिक विधि लोकाचार्य महामंडलेश्वर श्री सीताराम दास महाराज के सानिध्य में पूर्ण की जाएंगी। इस पुनीत कार्य में शहर के बुद्धिजीवी और गणमान्य नागरिक भी अपना सहयोग प्रदान कर रहे हैं। सामूहिक विवाह के माध्यम से समाज में फिजूलखर्ची रोकने और सादगीपूर्ण विवाह को प्रोत्साहित करने का संदेश दिया जा रहा है।

गौ-सेवा के साथ मनाया संत शिरोमणि सेन जी महाराज का जन्मोत्सव

गुना। संत शिरोमणि सेन जी महाराज की 726वीं जयंती के पावन अवसर पर गुना नगर के कैंट स्थित गौशाला में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रद्धा और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला, जहाँ श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना के साथ मानवता और गौ-सेवा का संकल्प लिया। जन्मोत्सव कार्यक्रम की शुरूआत प्रात:काल विधिवत पूजा-अर्चना और मंत्रोच्चार के साथ हुई।

श्रद्धालुओं ने संत सेन जी महाराज की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किए। इसके पश्चात सामूहिक महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में उपस्थित भक्तजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरा वातावरण भक्तिमय भजनों और जयकारों से गुंजायमान रहा। इस वर्ष जयंती के अवसर पर 'सेवा और समर्पण' के संदेश को आत्मसात करते हुए गौ-सेवा को विशेष महत्व दिया गया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने गौशाला में गायों को हरा चारा और भूसा खिलाकर सेवा भाव प्रकट किया। आयोजकों ने बताया कि संत सेन जी महाराज के उपदेशों के अनुरूप ही समाज सेवा और जीव दया के कार्यों के माध्यम से इस विशेष दिन को मनाया गया है।

वनकर्मी बोले : बिना जांच न की जाए निलंबन की कार्रवाई,दिया ज्ञापन

गुना। वन कल्याण संघ गुना द्वारा जिला वन मंडल अधिकारी कार्यालय में एक शोक सभा का आयोजन कर मुरैना की घटना में कर्तव्य की वेदी पर बलिदान हुए वन रक्षक हरिकेश गुर्जर को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर वन कर्मियों ने शहीद साथी की वीरता को नमन करते हुए दो मिनट का मौन धारण किया। श्रद्धांजलि सभा के बाद संघ का एक प्रतिनिधिमंडल डीएफओ अक्षय राठौर से मिला और मैदानी कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने डीएफओ को अवगत कराया कि गुना जिले में मैदानी वन कर्मचारियों पर लगातार हो रही निलंबन की कार्रवाई से कर्मचारियों के बीच भारी चिंता और असुरक्षा का माहौल है। उन्होंने विशेष रूप से मांग की कि किसी भी फील्ड स्टाफ पर बिना प्राथमिक जांच और बिना कारण बताओ नोटिस दिए सीधे निलंबन की दंडात्मक कार्रवाई न की जाए। इसके साथ ही वन कर्मियों ने मैदानी ड्यूटी के दौरान बढ़ रहे जानलेवा हमलों का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। डीएफओ राठौर को सौंपे गए ज्ञापन में उन विषम परिस्थितियों और चुनौतियों का जिक्र किया गया है, जिनका सामना वन रक्षक जंगलों की सुरक्षा के दौरान करते हैं। संघ ने मांग की है कि जोखिम भरे हालातों में काम करने वाले कर्मचारियों को प्रशासनिक संरक्षण मिलना चाहिए। वन मंडल अधिकारी अक्षय राठौर ने प्रतिनिधिमंडल की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए वन रक्षकों की समस्याओं पर उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

एनएफएल विजयपुर में राष्ट्रीय अग्निशमन दिवस का आयोजन

गुना। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इकाई एनएफएल विजयपुर की अग्निशमन शाखा द्वारा मंगलवार को राष्ट्रीय अग्निशमन दिवस गौरवपूर्ण तरीके से मनाया गया। इकाई प्रभारी और उप कमांडेंट स्वप्निल उबाले एवं सहायक कमांडेंट देबी प्रसाद चालक के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम के साथ ही 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक चलने वाले 'अग्निशमन सेवा सप्ताह' का भी विधिवत शुभारंभ हुआ।

मंगलवार प्रात: 9:00 बजे अग्निशमन केंद्र पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एनएफएल विजयपुर के कार्यकारी निदेशक विनय कुमार गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत अग्निशमन दुर्घटनाओं में कर्तव्य की वेदी पर प्राण न्योछावर करने वाले शहीद दमकल कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। इसके पश्चात सभी उपस्थित अधिकारियों और बल सदस्यों ने अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने और नियमों के पालन की शपथ ली। सहायक कमांडेंट देबी प्रसाद चालक ने आगामी सप्ताह में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस दौरान अग्नि सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जिनमें मुख्य रूप से शामिल हैं। प्राथमिक अग्निशमन प्रशिक्षण और ड्रिल प्रतियोगिता। एनएफएल कर्मचारियों के लिए स्लोगन एवं निबंध प्रतियोगिता। घरेलू महिलाओं और स्कूली बच्चों के लिए अग्नि रोकथाम कार्यक्रम। खेल-कूद प्रतियोगिताएं और आपातकालीन स्थिति से निपटने हेतु मॉक ड्रिल।

जिसमें एनएफएल के सभी विभागाध्यक्ष, विभिन्न यूनियनों के पदाधिकारी, सीआईएसएफ के इंस्पेक्टर गुलाब सिंह, इंस्पेक्टर कपिल देव, उप निरीक्षक गौरव यादव, असूचना प्रभारी कुलविंदर सिंह सहित बड़ी संख्या में बल सदस्य और अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक कमांडेंट देबी प्रसाद चालक ने की और सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

आरोन मंडी में सचिव पद का अस्थायी प्रभार सौंपा

गुना। उपसंचालक (स्थापना) द्वारा जारी आदेश के तहत, मंडी में रिक्त सचिव पद का अस्थायी प्रभार प्रदीप कुमार तिवारी को सौंपा गया है। प्रदीप कुमार तिवारी वर्तमान में कृषि उपज मंडी समिति आरोन में प्रभारी मंडी निरीक्षक के पद पर कार्यरत हैं। बोर्ड द्वारा की गई इस तात्कालिक व्यवस्था के अंतर्गत, वे अब नवीन सचिव की स्थायी पदस्थापना होने तक सचिव पद की जिम्मेदारी संभालेंगे। मंडी बोर्ड ने यह निर्णय प्रशासनिक कार्यों के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लिया है। मंडी प्रशासन ने इस संबंध में आदेश जारी कर तत्काल प्रभाव से कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं।

राजस्व एवं कृषि विभाग के दल ने किया नरवाई जलाने वाले 15 किसानों पर जुर्माना

गुना। जिले में फसल कटाई के बाद नरवाई जलाने की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के सख्त निर्देशों के बाद प्रशासन ने कार्यवाही तेज कर दी है। इसी क्रम में राजस्व और कृषि विभाग के संयुक्त दल ने ग्राम पंचायत सामरसिंघा, एन्दवाड़ा एवं परवाह क्षेत्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया, जहां पराली जलाने के 15 मामले सामने आए। इन मामलों में प्रशासन द्वारा अर्थदंड अधिरोपित करने की कार्यवाही की गई है, जिसमें मुख्य रूप से वासखेड़ी निवासी रघुवीर, रत्नागिर निवासी दीनदयाल कुशवाह, बांसखेड़ी निवासी बृजमोहन और सामरसिंघा निवासी मनोज सहित अन्य किसान शामिल हैं। कार्यवाही के दौरान बमोरी तहसीलदार देवदत्त गोलिया और एसएडीओ आर.के. माहौर सहित राजस्व अमला मौके पर मौजूद रहा। अधिकारियों ने किसानों से अपील की है कि वे पर्यावरण संरक्षण और मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने के लिए नरवाई जलाने के बजाय वैकल्पिक प्रबंधन अपनाएं, अन्यथा उल्लंघन करने वालों पर कठोर वैधानिक कार्यवाही जारी रहेगी।

कार्रवाई एक जेल और दूसरा बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया

जानलेवा हमले के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

गुना। पुरानी रंजिश को लेकर हुए जानलेवा हमले के मामले में गुना पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में कुंभराज पुलिस ने यह प्रभावी कार्यवाही की है।

मामला 21 जनवरी 2026 का है, जब कुंभराज निवासी हेमंत मैथिल ने शिकायत दर्ज कराई थी कि पुरानी रंजिश के चलते आरोपी निखिल मीना, बल्ला उर्फ दिलीप मीना और अनूप ने उसे और उसके दोस्त दीपेश मीना के साथ गाली-गलौज की। आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से लाठी और लुहांगी से उन पर हमला कर गंभीर चोटें पहुंचाई थीं। कुंभराज पुलिस ने इस मामले में बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए

पुलिस अधीक्षक ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। एसडीओपी चाचौड़ा मनोज कुमार झा के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी पंकज त्यागी और उनकी टीम ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। 13 अप्रैल 2026 को पुलिस को आरोपियों के संबंध में सटीक सूचना प्राप्त हुई, जिस पर पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया। पकड़े गए आरोपियों में अनूप (19 वर्ष), निवासी गीतानगर कॉलोनी और एक विधि विवादित किशोर शामिल है। पुलिस ने आरोपी अनूप को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। वहीं, विधि विवादित किशोर को बाल न्यायालय के आदेश पर बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया है। मामले का एक अन्य आरोपी फिलहाल फरार है, पुलिस सघन तलाश कर रही है।

शहर के इन क्षेत्रों में आज रहेगी बिजली गुल

गुना। शहर के विभिन्न विद्युत फीडरों पर आवश्यक मेंटेनेंस कार्य होने के चलते बुधवार, 15 अप्रैल को कई इलाकों में बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत विभाग के सहायक प्रबंधक (शहर) के अनुसार, 11 केवी टेकरी फीडर पर काम होने से सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक हनुमान टेकरी, शिवपुरम कॉलोनी, न्यू टेकरी रोड और बूढ़े बालाजी क्षेत्र में बिजली गुल रहेगी। इसी तरह कैंट जोन प्रबंधक ने जानकारी दी कि पावर हाउस कैंपस सब स्टेशन से जुड़े 11 केवी कैंट फीडर के मेंटेनेंस के कारण सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक लाल परेड, ऑफिसर कॉलोनी, भोगीराम, घोसीपुरा, बांसखेड़ी, लूसन का बगीचा, गोविन्द गार्डन, आयकर विभाग, एसडीओपी कार्यालय, पंचमुखी और सीताराम कॉलोनी हैं।

भाजपा नगर मंडल ने गाँव बस्ती चलो अभियान विधायक के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित

गुना। भाजपा गुना नगर मंडल द्वारा गाँव वस्ती चलो अभियान के निमित्त मंडल के विभिन्न बूथों पर भारतीय जनता पार्टी के 47 वे स्थापना दिवस के मौके पर भाजपा प्रदेश नेतृत्व की मंशानुसार भाजपा जिला नेतृत्व के निर्देशन में भाजपा गुना नगर मंडल में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाना है इसी क्रम में बजरंगगढ़ मंडल के सरपंच प्रतिनिधि एवं उपाध्यक्ष संजीव यादव द्वारा विधायक पन्नालाल शाक्य की अगुवाई में ग्राम पंचायत सगाबरखेड़ा के ग्राम गैलोन में सभी ग्रामवासियों द्वारा भारतीय जनता पार्टी के गांव चलो अभियान के तहत स्वच्छता का संदेश दिया गया। साथ ही ग्रामीणों को भाजपा सरकार की योजनाओं से अवगत कराया गया। इसके साथ ही शासन और प्रशासन द्वारा किसानों के लिए लायी गई नई-नई योजनाओं की जानकारी दी। इस मौके पर विधायक पन्नालाल शाक्य, मंडल अध्यक्ष मुनेश धाकड़, महामंत्री राजेश सहरिया, उपाध्यक्ष मनोज राजपूत का आगमन हुआ जहाँ सभी ग्राम वासी उपस्थित रहे। उन्हें विधायक ने भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनायों से अवगत कराया और ग्राम वासियों की समस्याओं को सुनकर उन्हें जल्द से जल्द हल करने का आश्वासन दिया।